# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 17 सितम्बर 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 22 हजार 544 सैम्पलों की हुई जांच

## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 0.12 प्रतिशत

- आज 17 सितम्बर की स्थिति में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.12 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 22 हजार 544 सैंपलों की जांच में से 26 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में मिला द्वितीय पुरस्कार

## जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दोनों ही श्रेणी में मिला द्वितीय पुरस्कार

- रोगी सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया द्वारा प्रदेश में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के क्रियान्वयन में जिला अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दोनों ही श्रेणी में वर्ष 2018-19 से 2020-21 के बीच प्रदेश के अस्पतालों के हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के क्रियान्वयन में पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत राज्य के अस्पतालों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण के बाद संस्था का आंतरिक तथा राज्य स्तरीय मूल्यांकन, सेवा प्रदाय ऑडिट तथा पेशेंट संतुष्टि सर्वे की प्रक्रिया की जाती है। भारत सरकार के विशेषज्ञों की टीम द्वारा छत्तीसगढ़ के चिन्हांकित अस्पतालों का ओपीडी, आईपीडी, लेबोरेटरी, प्रसव कक्ष, आपातकाल सेवा, रेडियोलॉजी, फार्मेसी व स्टोर, जनरल एडमिन, ऑपेरशन थियेटर एवं एनबीएसयू जैसे मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।
- नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड (NQAS) कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2018-19 से वर्ष 2020-21 तक छत्तीसगढ़ के कुल 28 अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों जिनमें 7 जिला अस्पताल, 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 13 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किये जाने पर गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है जो पूरे देश में सर्वाधिक में से एक है।

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 26 |
| | | कुल | 1005014 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 13 |
| | | कुल* | 170393 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 18 |
| | | कुल* | 820715 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 31 |
| | | कुल | 991108 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 346 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 01 | कोविड–19 | 0 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 01 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।


उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

| |
|---|
| आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 22,544 |



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →



# छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 17-09-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 1 | 96738 | 2 | 14654 | 0 | 80258 | 94912 | 30 | | 1796 |
| 2 | राजनांदगांव | 1 | 56045 | 1 | 12744 | 0 | 42772 | 55516 | 14 | | 515 |
| 3 | बालोद | 0 | 27268 | 1 | 9305 | 0 | 17564 | 26869 | 3 | | 396 |
| 4 | बेमेतरा | 0 | 19948 | 0 | 3358 | 0 | 16352 | 19710 | 2 | | 236 |
| 5 | कबीरधाम | 0 | 22770 | 0 | 2390 | 0 | 20113 | 22503 | 0 | | 267 |
| 6 | रायपुर | 0 | 157907 | 2 | 30881 | 1 | 123869 | 154750 | 18 | | 3139 |
| 7 | धमतरी | 0 | 27224 | 0 | 2766 | 0 | 23903 | 26669 | 10 | | 545 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 1 | 43060 | 1 | 9069 | 3 | 33506 | 42575 | 15 | | 470 |
| 9 | महासमुंद | 3 | 31347 | 1 | 4084 | 0 | 26894 | 30978 | 4 | | 365 |
| 10 | गरियाबंद | 1 | 19694 | 0 | 3604 | 0 | 15890 | 19494 | 6 | | 194 |
| 11 | बिलासपुर | 2 | 65581 | 0 | 7407 | 1 | 56931 | 64338 | 36 | | 1207 |
| 12 | रायगढ़ | 0 | 62537 | 1 | 12780 | 1 | 48761 | 61541 | 18 | | 978 |
| 13 | कोरबा | 3 | 54741 | 2 | 5010 | 3 | 49111 | 54121 | 41 | 1 | 579 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 2 | 57543 | 1 | 8110 | 2 | 48586 | 56696 | 15 | | 832 |
| 15 | मुंगेली | 0 | 23905 | 0 | 1010 | 0 | 22728 | 23738 | 0 | | 167 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 0 | 12009 | 0 | 946 | 0 | 10917 | 11863 | 0 | | 146 |
| 17 | सरगुजा | 0 | 33667 | 0 | 4211 | 1 | 29209 | 33420 | 2 | | 245 |
| 18 | कोरिया | 4 | 26966 | 1 | 1803 | 1 | 24977 | 26780 | 11 | | 175 |
| 19 | सूरजपुर | 0 | 29021 | 0 | 2126 | 0 | 26671 | 28797 | 0 | | 224 |
| 20 | बलरामपुर | 0 | 20298 | 0 | 1532 | 0 | 18643 | 20175 | 5 | | 118 |
| 21 | जशपुर | 1 | 27050 | 0 | 5020 | 1 | 21800 | 26820 | 18 | | 212 |
| 22 | बस्तर | 1 | 21023 | 0 | 5684 | 0 | 15147 | 20831 | 4 | | 188 |
| 23 | कोंडागांव | 0 | 13117 | 0 | 1846 | 0 | 11155 | 13001 | 17 | | 99 |
| 24 | दंतेवाडा | 2 | 10800 | 0 | 4474 | 2 | 6286 | 10760 | 16 | | 24 |
| 25 | सुकमा | 0 | 8036 | 0 | 4444 | 1 | 3566 | 8010 | 6 | | 20 |
| 26 | कांकेर | 1 | 23612 | 0 | 3630 | 1 | 19724 | 23354 | 35 | | 223 |
| 27 | नारायणपुर | 0 | 4018 | 0 | 3238 | 0 | 763 | 4001 | 3 | | 14 |
| 28 | बीजापुर | 3 | 8308 | 0 | 3622 | 0 | 4619 | 8241 | 12 | | 55 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 781 | 0 | 645 | 0 | 0 | 645 | 5 | | 131 |
| **महायोग** | | 26 | 1005014 | 13 | 170393 | 18 | 820715 | 991108 | 346 | 1 | 13560 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

**मीडिया प्रभारी**
**राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर**
**(COVID19)**



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

